

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

हवामहल के सामने प्रियंका ने की शूटिंग

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 43 ■ अंक : 31 ■ मंगलवार, 8 अप्रैल 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# मनपा चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा

## भाजपा सबसे बड़ी पार्टी | विधायक केलकर ने कहा : ठाणे में भाजपा के 9 विधायक, आसपास कोई नहीं

**ठाणे.** सभी राजनीतिक दल आगामी महानगरपालिका और स्थानीय स्वराज्य संस्था चुनावों की तैयारी में लगे हैं। राज्य में राजनीतिक दलों के प्रमुख स्थानीय नेताओं को चुनाव पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दे रहे हैं। इस संबंध में ठाणे शहर विधायक संजय केलकर ने बड़ा बयान दिया है कि ठाणे जिला भाजपा का गढ़ है. भाजपा ठाणे जिले में सबसे बड़ी पार्टी है. भाजपी के 9 विधायक ठाणे जिले में हैं. केलकर ने कहा कि भाजपा के नजदीक भी कोई नहीं है।

शिवसेना | भाजपा

हालांकि एकनाथ शिंदे की शिवसेना और भाजपा गठबंधन में हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि भाजपा ठाणे में मजबूत तैयारी कर रही है, जो शिंदे का गढ़ है। ऐसा लगता है कि मंत्री गणेश नाईक ने जनता दरबार के माध्यम से पार्टी को बढ़ाने का काम अपने हाथ में ले लिया है। अब विधायक संजय केलकर ने दावा किया है कि ठाणे भाजपा का गढ़ है।

### विधायक संजय केलकर का क्या बयान है?

मीडिया से बात करते हुए विधायक संजय केलकर ने कहा, 'ठाणे जिले में भाजपा के 9 विधायक हैं। 9 विधायकों के आस-पास भी कोई नहीं है। इसलिए ठाणे जिला भाजपा का गढ़ है। इसलिए, महानगर पालिकाओं को बड़ी संख्या में लोग अपना चुनाव और समर्थन दे रहे हैं। आम आदमी को भाजपा पर भरोसा है। इसलिए, यह पार्टी आगे बढ़ेगी। जरूरत पड़ी तो भाजपा अकेले और समय आने पर सबको साथ लेकर भाजपा चलेगी, लेकिन भाजपा अब नहीं रुकेगी।



### मनपा चुनाव की तैयारियां

राज्य की अधिकांश महानगर पालिकाओं में प्रशासक हैं और स्थानीय पदाधिकारी चुनाव के लिए उत्सुक हैं। अगले कुछ महीनों में नगरपालिका और स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के चुनाव होने की उम्मीद है। इसलिए भाजपा ने ठाणे जिले की 6 महानगर पालिकाओं के लिए भी तैयारी शुरू कर दी है. केलकर के इस बयान को आगामी मनपा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है.

# अंबरनाथ-बदलापुर में सूरज उगल रहा आग



■ पारा 42 डिग्री पहुंचा
■ अंबरनाथ के दो परिसर में हर शनिवार को बंद रहेगी जलापूर्ति

⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ, बदलापुर और मुरबाड में सूरज आग उगल रहा है. सोमवार को अंबरनाथ, बदलापुर में दोपहर में पारा 40 डिग्री से भी ज्यादा 42 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है. अंबरनाथ मजीप्रा की ओर से शहरवासियों को बताया गया है कि हर शनिवार को स्टेशन परिसर एवं टेलीफोन एक्सचेंज परिसर में पूरा दिन पानी बंद रहेगा. इसका कारण ये बताया गया है कि ज्यादा गरमी के कारण पानी की मांग बढ़ गई है. सभी स्थानों पर समान जलापूर्ति करने की दृष्टि से ये निर्णय लिया गया है. ऐसा उप विभागीय अभियंता मजीप्रा उपविभाग अंबरनाथ की ओर से शहरवासियों को बताया गया है.

अंबरनाथ और बदलापुर में गत कुछ दिनों से गरमी बहुत ज्यादा बढ़ गई है. जिसके कारण लोग बहुत ज्यादा परेशान हो गए हैं. जरूरी काम है तो ही घर से बाहर निकलें, ऐसी सलाह प्रशासन की ओर से दी गई है. दोपहर में लोग घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं.

### दोपहर में चल रहे गरम हवा के झोंके

सोमवार को दोपहर में गरम हवा के झोंके चल रहे थे. शरबत, गन्ने का रस, ठंड पेय की दुकानों, ठेलों पर लोगों की भीड़ बढ़ गई है. कलिंगड की खरीदारी में बढ़ोतरी हुई है. दोपहर में छत के पंखों से गरम हवा आ रही है. एसी एयर कूलर का सेल बढ़ गया है. लोग सर पर टोपी, हलके कपड़े एवं चश्मा लगाकर घर से निकल रहे हैं. बुधवार, गुरुवार को भी पारा 42 डिग्री रहने का अनुमान है. मजीप्रा ने शहर के दो परिसर में शनिवार को पानी बंद रखने की जो घोषणा की है, उससे ये महसूस हो रहा है कि आने वाले दिनों में पूरे शहर में हफ्ते में एक दिन जलापूर्ति बंद रखने की घोषणा की जा सकती है.

# उल्हासनगर में डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर की पूर्णाकृति प्रतिमा का अनावरण 10 को

**उल्हासनगर.** भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर प्रतिमा स्मारक समिति की मांग के अनुसार, विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के साथ मिलकर उल्हासनगर के सुभाष टेकड़ी चौक पर डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की एक पूर्णाकृति मूर्ति स्थापित की है। प्रतिमा के अनावरण की तिथि 10 अप्रैल तय की गई है तथा 14 अप्रैल को बाबासाहेब की जयंती पूर्ण लंबाई वाली प्रतिमा के साथ मनाई जाएगी।



सुभाष टेकड़ी चौक पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की अर्धपूर्णाकृति प्रतिमा थी। प्रतिमा स्मारक समिति के अध्यक्ष अरुण कांबले और पदाधिकारियों ने विधायक डॉ. बालाजी किणीकर से मांग की थी कि इस स्थान पर डॉ. बाबासाहेब की पूर्णाकृति प्रतिमा स्थापित की जाए। शिवसेना के उपमहापौर संदीप डोंगरे ने भी किणीकर का ध्यान आकर्षित किया था।

किणीकर ने पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे से संपर्क किया तो 25 लाख रुपए का फंड दिया गया। 1 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गई। प्रतिमा तैयार होने के बाद आयुक्त मनीषा आव्हाले के आदेश पर अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस, मुख्यालय उपायुक्त विशाखा मोटघरे, कार्यकारी अभियंता संदीप जाधव और कनिष्ठ अभियंता हर्षद प्रधान ने प्रतिमा का निरीक्षण किया।

अब गुरुवार 10 अप्रैल 2025 को शाम करीब 6 बजे श्रद्धेय डॉ. एन. आनंद महाथेरो और विधायक डॉ. बालाजी किणीकर और उल्हासनगर महानगरपालिका आयुक्त मनीषा आव्हाले की उपस्थिति में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की पूर्ण लंबाई वाली प्रतिमा का अनावरण होगा। इस कार्यक्रम के संयोजक भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर प्रतिमा स्मारक समिति के अध्यक्ष अरुण कांबले, महासचिव भाई रोकड़े, प्रवीण खरात, उपाध्यक्ष दिवाकर खाले और पूर्व नगरसेवक प्रमोद टाले हैं।

# उल्हासनगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाई गई

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर रेलवे स्टेशन में लोकल ट्रेनों और प्लेटफॉर्म के बीच की दूरी यात्रियों के जीवन के लिए लगातार खतरा बनी हुई थी। लोकल ट्रेन में चढ़ते या उतरते समय यात्रियों के गिरकर मामूली चोट लगने की भी घटनाएं हुईं; हालांकि, अब प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ा दी गई है, जिससे दुर्घटना का खतरा टल गया है।

लोकल ट्रेनें प्लेटफॉर्म नंबर दो से मुंबई की ओर रवाना होती हैं। खोपोली, कर्जत, बदलापुर, अंबरनाथ से मुंबई जाने वाली लोकल ट्रेनें इस प्लेटफॉर्म पर रुकती हैं; हालाँकि, ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच काफी अंतर होने के कारण लोकल ट्रेन में चढ़ते समय एक महिला घायल हो गई। जिसकी जानकारी एड. प्रशांत चंदनशिवे को मिली तो चंदनशिवे ने स्टेशन प्रबंधक सबिता नित्यानंद से मुलाकात की और एक बयान के




माध्यम से प्लेटफॉर्म और लोकल के बीच की दूरी की ओर ध्यान आकर्षित किया। प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने के लिए 25 फरवरी की सुबह भूख हड़ताल की चेतावनी दी गई। चंदनशिवे के अनुसार रेल मंत्री, मुख्यमंत्री और रेलवे के डीआरएम को ट्वीट किया था। अब चूंकि ऊंचाई का काम पूरा हो गया है, इसलिए यात्रियों के चढ़ने और उतरने के दौरान घायल होने की घटनाएं टल गई हैं, ऐसा सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत चंदनशिवे और युवा सेना पदाधिकारी सुशील पवार ने बताया।

## भाजपा के पूर्व नगरसेवक कार्यालय पर हमला करने वाले

# 3 हमलावर गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

■ 3 दिन की रिमांड पर

⏭ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ भाजपा के पूर्व नगरसेवक के कार्यालय पर तलवारों से हमला करने वाले 3 हमलावरों को शिवाजी नगर पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश करके तीन दिनों की रिमांड पर ले लिया है. पुलिस इस मामले को लेकर भारी गुप्तता बरत रही है. तीनों आरोपियों के नाम बताने से पुलिस ने इंकार किया है. सभी अंबरनाथ के निवासी बताए गए हैं. पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने पत्रकारों को बताया कि रविवार की रात में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. उनसे हमले के कारणों का पता लगाया जा रहा है.

रोहित म्हाडिक के कार्यालय में काम करने वाले आफिस बॉय ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर दो



हमलावरों के नाम आशुतोष कराले और गनी रफीक शेख बताए हैं. अन्य 10 से 12 अज्ञात हमलावर उनके साथ थे. ये सब मुंह पर रूमाल बांधकर आए थे. हमले के समय रोहित और उसके पिता राजा म्हाडिक मौजूद नहीं थे. रोहित ने कहा है कि वह मुझे जान से मारने के इरादे से आए थे. इसलिए हत्या का प्रयास कलम भी पुलिस ने दर्ज करना चाहिए. उन्होंने हमें बताया कि वह भाजपा एवं शिवसेना के वरिष्ठ नेताओं से भेंट करके पूरी जानकारी देंगे. पुलिस ने उनको भी पकड़े गए आरोपियों के नाम नहीं बताए हैं. इसकी शिकायत वह अपने वरिष्ठों से करने वाले हैं. पुलिस का कहना है कि उनके नाम बताने से बाकी के आरोपी सतर्क होकर भाग जाएंगे. इसलिए नामों को गुप्त रखा गया है. हमलावरों ने रोहित के कार्यालय का कांच, टेबल, कुर्सी को तलवार से मारकर नुकसान किया है. आसपास दहशत फैलाने का काम भी हमलावरों ने किया है. पुलिस के चार पथक और अपराध अन्वेशन शाखा भी शेष आरोपियों को पकड़ने के लिए प्रयास कर रहे हैं.

# प्रेम जाल में फंसाकर युवती से दुष्कर्म



■ आरोपी गिरफ्तार

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है जहां एक व्यक्ति ने फेसबुक पर एक युवती को प्रेम जाल में फंसाया, उसका अश्लील वीडियो बनाया और उसे धमकाते हुए बार-बार उसका यौन शोषण किया। पीड़िता की शिकायत के बाद उल्हासनगर पुलिस ने जांच की और आरोपी को हिरासत में ले लिया।

फेसबुक पर हुई जान-पहचान प्यार में बदल गई। इसके बाद युवक उसे एक लॉज में ले गया, उसके साथ संबंध बनाए और अश्लील वीडियो बना लिया। युवक ने फुटेज को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।

आरोपी ने उसे बार-बार धमकाया और शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डाला। पीड़िता ने जैसे ही इसका विरोध किया तो आरोपी ने अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया और बाकी वीडियो भी वायरल करने की धमकी दी। इस पूरी घटना के चलते पीड़ित लड़की ने आखिरकार उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

उसकी शिकायत के आधार पर पुलिस निरीक्षक (अपराध) चंद्रहार गोडसे की टीम ने आरोपी पंकज राममनोहर शुक्ला (उम्र 25) को गिरफ्तार कर लिया। वह बदलापुर के शिवाजी चौक में रहता है और मूल रूप से उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के इटिया थोक गांव के निवासी है। गिरफ्तार करने के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया और पुलिस हिरासत में भेजने के आदेश दिए गए।

# उल्हासनगर सब्जी मंडी का काम घटिया दर्जे का

■ शिवसेना ठाकरे गुट के प्रयासों से निर्माण कार्य में हुआ सुधार

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में फिर एक बार निर्माण धोखाधड़ी की तस्वीर साफ हो गई है। शिवसेना ठाकरे गुट ने शिकायत के बाद महानगर पालिका के ध्यान में यह मामला लाया कि आरजीएस स्कूल के सामने सब्जी मंडी के पुनर्निर्माण का काम घटिया गुणवत्ता का किया जा रहा है। साथ ही काम रोकने की चेतावनी के बाद मनपा प्रशासन ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया।

पुरानी दीवारों पर प्लास्टर करके नया निर्माण कार्य शुरू हो गया था। पुरानी ईंटों के उपयोग से पूरी परियोजना पर सवाल उठ खड़े हुए थे। एक ठेकेदार को पुरानी सब्जी मंडी को तोड़कर नई मंडी बनाने का ठेका दिया गया। हालाँकि, वास्तविकता यह है कि नई इमारतों के निर्माण के समय



पुरानी संरचनाओं का उपयोग किया गया था और उन पर प्लास्टर किया गया था, ताकि बाहर से नया होने का आभास पैदा किया जा सके। इसमें मिट्टी को सीमेंट के साथ मिलाकर उसका घनत्व बनाए बिना ही काम सुचारू रूप से किया गया।

इस संबंध में सब्जी विक्रेताओं द्वारा ठाकरे गुट के युवा सेना उप जिलाधिकारी राजेश कणसे से कई शिकायतें की गई हैं। तदनुसार, राजेश कणसे ने मौके पर जाकर कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने पूरे मामले की जानकारी ठाकरे गुट के शिवसेना जिला प्रमुख धनंजय बोडारे को दी। बोडारे ने तत्काल मनपा से संपर्क कर संबंधित ठेकेदार को काम रोककर नया गुणवत्तापूर्ण काम शुरू करने का स्पष्ट आदेश दिया। इस बीच, मनपा अधिकारियों ने भी निर्माण स्थल का दौरा किया और ठेकेदार को निर्देश दिए। तब से, नई ईंटों और सही मिश्रण का उपयोग करके निर्माण कार्य पुनः शुरू कर दिया गया है, और नागरिक संतोष व्यक्त कर रहे हैं।

# सेवई खाने के लिए न देने पर चाकू मारा

**उल्हासनगर.** एक सजायाफ्ता अपराधी ने एक घर मालिक को चाकू से बार-बार वार करके घायल कर दिया क्योंकि उसे सेंवई की एक प्लेट देने से मना कर दिया गया था। यह चौंकाने वाली घटना उल्हासनगर के कैंप 5 स्थित साईनाथ कॉलोनी में हुई और हिललाइन पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम इकरार उर्फ कल्लन है, जबकि घायल व्यक्ति का अस्पताल में इलाज चल रहा है।



इस बारे में विस्तृत घटना इस प्रकार है कि इकरार अचानक अफसर शेख के घर में घुस आया और खाने के लिए कुछ सेवइयां मांगने लगा। घर में घुसने के बाद अफसर शेख ने उसे चुपचाप घर से बाहर जाने को कहा. हालांकि, इस घटना से गुस्साए इकरार ने अफसर की पिटाई शुरू कर दी। अफसर ने इसका विरोध किया और उसे पकड़ में ले लिया तथा उसकी पत्नी और बेटी को शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस स्टेशन भेज दिया।

इस बीच, इकरार ने अपनी जेब से चाकू निकाला और अफसर शेख पर कई वार कर दिया और मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद अफसर शेख खुद हिललाइन पुलिस स्टेशन गए और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर तलाशी अभियान शुरू किया और महज 24 घंटे के भीतर आरोपी इकरार को गिरफ्तार कर लिया। घायल अफसर शेख का फिलहाल कलवा अस्पताल में इलाज चल रहा है। हिललाइन पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल जगताप के मार्गदर्शन में इस मामले की जांच चल रही है।

# तूफान ने मचाई तबाही



■ कई पेड़ गिर गए और बिजली के तार भी टूट गए
■ नागरिकों में भय

**उल्हासनगर.** शुक्रवार दोपहर को शहर में अचानक तेज हवा का झोंका आया, जिससे कैंप 4 और कुर्ला कैंप क्षेत्रों में पेड़ गिरने की दो घटनाएं लगातार हुईं। इससे नागरिकों में भय का माहौल पैदा हो गया। इस पूरी घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

शुक्रवार दोपहर को उल्हासनगर कैंप 4, कुर्ला कैंप क्षेत्र में अचानक तेज हवा का झोंका आया, जिससे क्षेत्र में एक के बाद एक पेड़ गिर गए। एक पेड़ सीधे बाइक पर गिरा, जबकि दूसरा पेड़ देवी मंदिर के पास सड़क पर गिरा। दिलचस्प बात यह है कि इस पेड़ के गिरने से बिजली की तारें भी टूट गईं और कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रही। बगीचे के पास एक बड़ा पेड़ गिरने की खबर मिली है। कुल मिलाकर, इस क्षेत्र में वृक्षों के गिरने की मात्रा काफी अधिक थी। घटना के बाद, दमकल विभाग, महावितरण विभाग के अधिकारी और नगर निगम के कर्मचारी कुछ ही मिनटों में घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने तुरंत बिजली के तारों को साफ करना और जोड़ना शुरू कर दिया।

### भविष्य के खतरे से बचने की मांग

स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता विशाल सोनावणे ने मनपा को क्षेत्र के सभी खतरनाक पेड़ों का तत्काल निरीक्षण करने तथा उनकी आवश्यक छंटाई और रखरखाव की मांग करने की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से भी अपील की है कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए पहल करे कि भविष्य में ऐसी कोई दुर्भाग्यपूर्ण घटना न घटे।

# हाई कोर्ट ने पुलिस अधिकारियों पर केस दाखिल करने का दिया आदेश

■ अक्षय शिंदे एनकाउंटर मामला
■ SIT का गठन करने का निर्देश

**मुंबई.** बदलापुर में चर्चित अक्षय शिंदे एनकाउंटर मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। हाई कोर्ट ने एनकाउंटर से जुड़े पुलिस अधिकारियों पर केस दाखिल करने का आदेश जारी किया है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने इसके साथ ही मुंबई के जॉइंट कमिश्नर ऑफ़ पुलिस क्राइम लखमी गौतम के नेतृत्व में SIT का गठन करने का निर्देश भी दिया है और कहा है कि उम्मीद है, कि SIT केस की जांच को उचित अंत तक पहुंचाएगी।

### कोर्ट ने और क्या कहा?

बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस पूरे मामले में प्राथमिकी दर्ज करने में अनिच्छा के लिए सरकार की आलोचना भी की है। कोर्ट ने कहा- "मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट के देखने के बाद हम इस बात से संतुष्ट हैं कि हिरासत में हुई मौत (अक्षय शिंदे





की) की गहन जांच की आवश्यकता है, क्योंकि वह पुलिस द्वारा चलाई गई गोली के कारण घायल हुआ था।" पीठ ने कहा, "केवल न्याय नहीं किया जाना चाहिए बल्कि ऐसा प्रतीत होना चाहिए कि न्याय हुआ है। हमें उम्मीद और भरोसा है कि एसआईटी साजिश का पर्दाफाश करेगी।"

### इन पुलिस अधिकारियों पर होगा केस

अक्षय शिंदे एनकाउंटर मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट ने 3 पुलिस **अभिजीत मोरे, हरिष तावडे, सतीश खताळांवर** के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश जारी किया है। कोर्ट ने SIT का गठन करने का निर्देश देते हुए कहा है कि इस मामले में जांच की अधिक आवश्यकता है। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा- 'कोर्ट को उम्मीद है, कि SIT केस की जांच को उचित अंत तक पहुंचाएगी।'.

अक्षय शिंदे महाराष्ट्र के बदलापुर में स्कूली बच्चियों से यौन उत्पीड़न के मामले में आरोपी था जिसकी पुलिस हिरा,त में मौत हो गई थी। स्कूल में दो बच्चियों के साथ यौन उत्पीड़न के आरोपी अक्षय शिंदे की बीते साल 23 दिसंबर 2024 को कथित तौर पर पुलिसकर्मियों की गोली लगने से मौत हो गई थी। जब ये घटना हुई तब अक्षय शिंदे को तलोजा जेल से कल्याण ले जाया जा रहा था।

उल्हास विकास
संपादकीय/सामाजिक

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## मनोज कुमार ने जगाई देशभक्ति की भावना

मनोज कुमार हिंदी सिनेमा के उन चंद अभिनेताओं में थे, जिन्होंने बंटवारे की त्रासदी को भोगा था। पाकिस्तान और चीन से संघर्ष के बाद निराश भारतीयों के मन में देशभक्ति की अलख जगाने का बीड़ा उठाने वाले वे अकेले कलाकार थे। उस दौर में जब भारत अपने बूते खड़ा हो रहा था, तब उन्होंने नागरिकों के मन में देश की संस्कृति और उसकी महानता पर गर्व करना सिखाया, जो आज के राष्ट्रवाद से कहीं बड़ा फलक था। उनकी फिल्मों में देशभक्ति का जज्बा उस दौर के करोड़ों दर्शकों के मन में उतरता चला गया।

शायद इसीलिए कभी-कभी मनोज कुमार कहते भी थे कि देशभक्ति थोपी नहीं जानी चाहिए। दरअसल, भारतीय नागरिकों में जिस तरह की देशभक्ति वे देखना चाहते थे, उसे उन्होंने बखूबी अभिव्यक्त किया और पूरब से लेकर पश्चिम तक उन्होंने भारत की ही बात सुनाई। इस तरह एक कलाकार के रूप में राष्ट्रीय चेतना की नींव मजबूत की और देशभक्ति की धारा बहाई। उनकी फिल्म 'शहीद' को कौन भूल सकता है। मनोज कुमार जब भगत सिंह की मां से मिले, तो उन्होंने कहा था कि तुम मेरे बेटे जैसे लगते हो।

### मनोज कुमार की फिल्मों में थी देशभक्ति की व्यापक भावना

मनोज कुमार की फिल्मों में देशभक्ति की भावना व्यापक थी। वह एक राष्ट्र तक सीमित नहीं थी। उसमें करोड़ों नागरिकों के दुख-सुख और उनकी भावनाएं भी जुड़ी थीं। 'उपकार' और 'पूरब पश्चिम', फिर 'क्रांति' जैसी फिल्मों ने न केवल देशवासियों, बल्कि विदेश में रहने वाले प्रवासी भारतीयों को भी झकझोर कर रख दिया था। निश्चित रूप से उनकी फिल्मों में लादी गई देशभक्ति नहीं थी। न ही मनोज कुमार उनके जरिए अपना कोई विचार या दृष्टिकोण किसी पर थोप रहे थे। उनका एकमात्र लक्ष्य था, देशभक्ति जगाना और लोगों के मन में राष्ट्र के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा पैदा करना। इसमें वे काफी हद तक कामयाब रहे। उन्होंने अपनी फिल्मों के माध्यम से सिर्फ देशभक्ति की बात नहीं की, गरीबी, बेरोजगारी, भूख और भ्रष्टाचार से बदहाली का भी चेहरा दिखाया। बाढ़ और सूखे से हलकान किसानों और कामगारों की दुर्दशा की भी बात की। इस तरह मनोज कुमार की फिल्मों में पूरे भारत की तस्वीर थी, एक राष्ट्रीय भावना थी।

# आपदा का रूप धारण करती लू, गंभीर मुद्दा

इस बार अप्रैल की शुरुआत में ही गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। कई राज्य सरकारों ने लू को लेकर चेतावनी जारी की है, लेकिन उनमें लू लगने के बाद इलाज के लिए अस्पताल में व्यवस्था आदि पर ज्यादा जोर है। लू से निपटने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने सभी राज्यों को एडवाइजरी जारी कर इससे निपटने के लिए कार्ययोजना बनाने को कहा है। हालांकि इस तरह की योजनाएं हर साल बनती हैं। इसके बावजूद लोगों की मौत हो जाती है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक स्थायी समिति ने सुझाव दिया है कि नई उभरती आपदाओं में लू को भी शामिल किया जाए। समिति का कहना है कि देश में वर्ष 2013 के बाद दस वर्षों में 10,635 लोग लू से मारे गए और अब इसका असर व्यापक होता जा रहा है। 2020 से 2022 के बीच देश में हीट स्ट्रोक के कारण होने वाली मौतों की संख्या 530 से 730 हो गई। लू केवल इंसान को शारीरिक संकट ही नहीं देती है, बल्कि यह निम्न वर्ग, खुले में काम करने वाले जैसे-यातायात पुलिस, गिग-वर्कर, रेहड़ी-रिक्शा चलाने वालों के साथ-साथ किसानों और मजदूरों पर भी सामाजिक-आर्थिक रूप से विपरीत प्रभाव डालती है।

लू आमतौर पर रुकी हुई हवा की वजह से होती है। उच्च दबाव प्रणाली हवा को नीचे की ओर ले जाती है। यह नीचे बहती हुई हवा एक टोपी की तरह काम करती है। यह गर्म हवा को एक जगह पर जमा कर लेती है। हवा के चले बिना बारिश नहीं हो सकती है। शहरों में



बढ़ रहे कंक्रीट के जंगल भी इन गर्म हवाओं की घातकता को बढ़ा रहे हैं। गर्म हवा को और गर्म होने से रोकने के लिए कोई उपाय नहीं होता है। मानव शरीर का औसत तापमान 37 डिग्री सेल्सियस होता है। जब बाहर का तापमान 40 से अधिक हो और हवा में बिल्कुल नमी नहीं हो तो यह घातक लू में बदल जाती है।

पांच साल पहले केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की 'जलवायु परिवर्तन मूल्यांकन रिपोर्ट' में आगाह किया गया था कि 2100 के अंत तक भारत में गर्मियों (अप्रैल-जून) में चलने वाली लू या गर्म हवाएं तीन से चार गुना अधिक हो सकती हैं। इनकी औसत अवधि भी दोगुनी होने का अनुमान है। वैसे तो लू का असर पूरे देश में ही बढ़ेगा, मगर घनी आबादी वाले गंगा नदी बेसिन के इलाकों में इसकी मार ज्यादा तीखी होगी। इसमें चेताया गया है कि बीते छह दशकों के दौरान बढ़ती गर्मी और मानसून में कम बरसात के चलते देश में सूखा-ग्रस्त इलाकों में इजाफा हो रहा है। यह चिंताजनक है कि सूखा प्रभावित क्षेत्र में प्रति दशक 1.3 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय संगठनों के सहयोग से तैयार जलवायु पारदर्शिता रिपोर्ट, 2022 का कहना है कि 2021 में भीषण गर्मी के चलते भारत में सेवा, विनिर्माण, खेती और निर्माण क्षेत्रों में लगभग 13 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। गर्मी बढ़ने के चलते 167 अरब घंटे संभावित श्रम का नुकसान हुआ, जो 1999 के मुकाबले 39 प्रतिशत अधिक है। इस रिपोर्ट के अनुसार तापमान में डेढ़ प्रतिशत का इजाफा होने पर बाढ़ से हर साल होने वाला नुकसान 49 प्रतिशत बढ़ सकता है। वहीं चक्रवात से होने वाली तबाही में भी इजाफा होगा। इसी क्रम में लैंसेट काउंट डाउन की रिपोर्ट कहती है कि भारत में वर्ष 2000-04 और 2017-21 के बीच भीषण गर्मी से होने वाली मौतों की संख्या 55 प्रतिशत बढ़ी।

गत वर्ष संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन ने भारत में एक लाख लोगों के बीच सर्वे कर बताया कि गर्मी/लू के कारण गरीब परिवारों को अमीरों की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक आर्थिक नुकसान होता है। आर्थिक रूप से संपन्न लोग बढ़ते तापमान के अनुरूप अपने कार्य को ढाल लेते हैं, जबकि गरीब ऐसा नहीं कर पाते।

इसके बावजूद आखिर अभी तक हम लू से बचने की कोई माकूल कार्ययोजना क्यों नहीं बना पाए हैं? अहमदाबाद नगर निगम अपने सभी बाग-बगीचे दिन में एक से पांच बजे तक रेहड़ी, पटरी और अन्य खुले में काम करने वालों के लिए खोल देता है। इससे खुले में काम करने वालों को लू के चरम प्रभाव वाले समय में पेड़ों की छांव में रहने का अवसर मिल जाता है। हाल में मुंबई में भी सड़क पर व्यवसाय करने वालों ने ऐसे ही पार्क को खोलने की मांग की है।



हमारी प्रत्येक साँस अनमोल है।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज
स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# अद्भुत...एक शब्द में पूरी रामायण, पढ़ने में लगेंगे 8 घंटे!

वैसे तो कई विधाओं में रामायण लिखी गई है. आपने भी रामायण के कई स्वरूप देखे या सुने होंगे.

**जरा हट के**

लेकिन, आज हम आपको एक अद्भुत स्वरूप के बारे में बताने जा रहे हैं. यहां संपूर्ण रामायण सिर्फ एक शब्द में लिखी गई है. एक ही शब्द में भगवान श्रीराम की पूरी कथा समाहित है. इस शब्द को दुनिया का सबसे लंबा शब्द बताया जा रहा है.

झारखंड में पलामू के रहने वाले शिव कुमार पांडे ने विश्व का सबसे लंबा शब्द बनाया है, जो अध्यात्म से जुड़ा है. इस एक शब्द में संपूर्ण रामायण समाहित है. इसे रचने में उन्हें लगभग एक साल लगा. पलामू के रेड़मा निवासी उदित नारायण पांडे के 40 वर्षीय पुत्र शिव कुमार पांडे ने 3046 अक्षरों का प्रयोग कर इस शब्द का निर्माण किया है. शिव कुमार पांडे पेशे से आयुर्वेद चिकित्सक और साहित्यकार हैं. 15 साल से साहित्य के क्षेत्र में काम कर रहे हैं. उन्होंने 15 अलग-अलग शैलियों में साहित्य की रचना की है, जिसमें से एक है एक शब्दीय रामायण, जिसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है.



शिव कुमार पांडेय ने बताया, हिंदी में अक्षरों के मेल से शब्द बनता है. कई शब्दों को मिलाकर भी एक शब्द बनता है, जिसका निर्माण संधि के मेल से किया जाता है. इसी तरह एक शब्दीय रामायण का निर्माण किया गया है, जिसमें 3046 अक्षरों को मिलाकर संधि प्रयोग किया गया है. इसे पढ़ने और समझने में लोगों को सात से आठ घंटे लगेंगे. इसमें संधि को समझने के लिए एकाग्र होकर पढ़ना होगा. यह विश्व का पहला ऐसा शब्द है, जो दस पेज में लिखा गया है. दुनिया का सबसे लंबा शब्द है.

शिव कुमार पांडेय ने बताया, इस एक शब्दीय रामायण को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है. किसी भी साहित्यकार का सपना होता है कि वह विश्व कीर्तिमान वाली संस्था में अपना नाम दर्ज कराए.

# दुनिया में शुरू हो सकता है मंदी का दौर

अमेरिका की जवाबी शुल्क नीति का असर अब दुनिया के बाजार में दिखने लगा है। खुद अमेरिकी बाजार का रुख नीचे की तरफ हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जैसे ही विभिन्न देशों पर लगने वाले जवाबी शुल्क की सूची जारी की, वैश्विक बाजार डगमगाने लगे। शुक्रवार को डाउ जोन्स, नेस्डैक और एसएंडपी 500 में औसतन करीब छह फीसद की गिरावट देखी गई। यह गिरावट सभी क्षेत्रों में जारी रही। उसका असर भारतीय शेयर बाजार में भी दिखा। विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर यही रुख बना रहा, तो दुनिया में बहुत जल्दी मंदी का दौर शुरू हो जाएगा।

वैश्विक शेयर बाजार में इतनी बड़ी गिरावट कोरोना के बाद पहली बार देखी गई है। उधर, जिन देशों पर अमेरिका ने पारस्परिक शुल्क लगाया है, वे भी जवाबी शुल्क लगाने को तत्पर हैं। चीन ने तो तत्काल अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उतना ही शुल्क लगा दिया, जितना अमेरिका ने उस पर लगाया है। इस तरह शुल्क संग्राम शुरू होने की आशंका बढ़ गई है। स्वाभाविक ही इस अमेरिकी नीति का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर पड़ेगा, जिसकी शुरू से आलोचनाएं हो रही हैं।

शेयर बाजार में गिरावट का अर्थ है कि अर्थव्यवस्था को लेकर निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ है। जिन निवेशकों ने अमेरिकी फेडरल की दरें बढ़ने के चलते भारतीय पूंजी बाजार से पैसे निकाल कर अमेरिकी बाजार में लगाना शुरू किया था, उन्होंने भी पैसे निकालना शुरू कर दिया है। दरअसल, पारस्परिक शुल्क की वजह से अमेरिकी बाजार में पूंजी का प्रवाह ठहर जाने, उत्पादन कमजोर होने और तेजी से महंगाई बढ़ने की आशंका गहराने लगी है।



खुद अमेरिका कई चीजों के उत्पादन में दूसरे देशों पर निर्भर है। इसलिए उन पर शुल्क बढ़ेगा, तो अंतिम रूप से वस्तुओं की कीमतें बढ़ेंगी। फिर, बहुत सारी अमेरिकी कंपनियों ने विभिन्न देशों में अपनी उत्पादन इकाइयां लगा रखी हैं। कई मामलों में आंशिक रूप से, तो कई में पूर्ण रूप से वे अपना उत्पादन दूसरे देशों में करती हैं। इस तरह वहां से तैयार होकर आने वाले उत्पाद की कीमतें भी बढ़ जाएंगी। यही प्रक्रिया दूसरे देशों में भी शुरू हो जाएगी। जाहिर है, इससे न केवल अमेरिका, बल्कि पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ेगी। महंगाई बढ़ने का अर्थ है कि लोग अपने जरूरी खर्चों में भी हाथ पीछे खींचना शुरू कर देंगे। इस तरह बाजार में पूंजी का प्रवाह रुकेगा। इसका सबसे बुरा असर विनिर्माण क्षेत्र पर पड़ेगा।

वैसे ही दुनिया अभी मंदी की मार से पूरी तरह बाहर नहीं निकल पाई थी कि ट्रंप प्रशासन की शुल्क नीति ने एक नया चक्रव्यूह रच दिया। कोरोना के बाद सारी अर्थव्यवस्थाएं संघर्ष करती नजर आ रही हैं। उसकी चपेट में अमेरिका भी रहा है। अब भी वहां महंगाई पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। अगर संस्थागत निवेशकों ने अपना हाथ पीछे खींचना शुरू कर दिया, तो अमेरिका की अर्थव्यवस्था और लड़खड़ाने लगेगी।

अभी अमेरिका को लगता है कि वह पारस्परिक शुल्क के जरिए अपनी पूंजी में बढ़ोतरी और अर्थव्यवस्था में मजबूती ला सकेगा, मगर हकीकत यही है कि इसका सबसे बुरा प्रभाव खुद उसी पर पड़ेगा। इसीलिए वहां शुरू से इस नीति का विरोध हो रहा है। आधुनिक अर्थव्यवस्थाएं तन्हा नहीं रह गई हैं, उनमें परस्पर जुड़ाव है। वे अपने लाभ के लिए नए समीकरण और संगठन बनाती रहती हैं। ऐसे में, कहीं अमेरिका अलग-थलग न पड़ता जाए।

# आलू-बैंगन की सब्जी

खाना-खजाना

आलू-बैंगन का नाम सुनते ही कुछ लोगों का चेहरा बन जाता है, तो कुछ लोग इसे मजबूरी समझकर खा लेते हैं. अगर आप भी रोज की रूटीन सब्जी में कुछ नया ट्विस्ट लाना चाहते हैं, तो एक बार इस खास तरीके से आलू-बैंगन की सब्जी को ट्राई करके देख सकते हैं। यह रेसिपी न सिर्फ झटपट बनकर तैयार हो जाएगी, बल्कि इसका स्वाद इतना लाजवाब होगा.

**सामग्री :**

- आलू (मीडियम साइज)- 4
- बैंगन - 2
- टमाटर- 2
- हरी मिर्च- 2
- अदरक-लहसुन पेस्ट- 1 चम्मच
- प्याज- 1
- हल्दी पाउडर- 1/2 चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर - 1/2 चम्मच
- धनिया पाउडर- 1 चम्मच
- गरम मसाला- 1/2 चम्मच
- अमचूर पाउडर- 1/2 चम्मच
- नमक - स्वादानुसार
- राई/जीरा- 1/2 चम्मच
- तेल- 2–3 चम्मच
- हरा धनिया- गार्निश के लिए

**विधि :**



सबसे पहले आलू और बैंगन को धोकर छोटे टुकड़ों में काट लें। बैंगन को काटते ही हल्के नमक वाले पानी में भिगो दें, ताकि काले न हों। इसके बाद कड़ाही में तेल गरम करें। उसमें राई या जीरा डालें, फिर प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें। अब अदरक-लहसुन पेस्ट और हरी मिर्च डालें। कुछ सेकंड भूनें। अब इसमें हल्दी, लाल मिर्च, धनिया पाउडर और थोड़ा नमक डालें। टमाटर डालकर मसाले को तब तक भूनें जब तक तेल न छोड़ दे। (टमाटर अच्छे से गलने चाहिए) फिर इसमें आलू डालकर 2-3 मिनट तक भूनें। इसके बाद बैंगन डालें और अच्छे से मिलाएं। 1/4 कप पानी डालें और कड़ाही को ढक दें। धीमी आंच पर 10–12 मिनट तक पकाएं जब तक आलू और बैंगन नरम न हो जाएं। अब ऊपर से गरम मसाला और अमचूर पाउडर डालें। एक बार अच्छे से मिलाएं और 2 मिनट और पकाएं। गैस बंद करें और हरा धनिया डालकर गार्निश करें।

# क्या होगा अगर पूरी गर्मी रोजाना खा लिया एक कच्चा प्याज?

### हैरान कर देंगे इसके 7 फायदे

गर्मियों का सीजन शुरू हो चुका है। गर्मी में सेहत का कुछ ज्यादा ही ख्याल रखना पड़ता है। दरअसल गर्मियों में हमें कई बीमारियां घेर सकती हैं। ऐसे में शरीर को अधिक पोषण की जरूरत होती है। लोग रसीले फल, मौसमी सब्जियों को डाइट में शामिल करते हैं। इससे वे कुछ हद तक अपनी सेहत का ख्याल रख सकते हैं। कहा जाता है कि गर्मी के दिनों में चार से पांच लीटर पानी जरूर पीना चाहिए। इससे आपकी बॉडी हाइड्रेट रहेगी। लेकिन क्या आपको मालूम है कि प्याज खाने से भी सेहत को कई फायदे मिल सकते हैं?

सेहत के लिहाज से प्याज कई मायने में लाभकारी है। आपने अकसर लोगों को कहते सुना होगा कि खास गर्मियों में प्याज खाने से लू से बचाव होता है। कुछ लोग तो ऐसा भी मानते हैं हैं कि पॉकेट में प्याज रखने से भी लू से बचाव किया जा सकता है। हालांकि, सच यह है कि पॉकेट में इसे रखने के बजाय कच्चे या पके रूप में प्याज खाने से शरीर को कई प्रकार के फायदे मिलते हैं। आइए इनके फायदों के बारे में विस्तार से जानते हैं-

### पोषक तत्वों से भरपूर

प्याज में सल्फर, फाइबर, पोटैशियम, कैल्शियम, विटामिन B और C की अच्छी मात्रा पाई जाती है। इसके अलावा प्याज में कई ऐसे न्यूट्रिएंट्स होते हैं जो शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने में सहायक हो सकते हैं।

### हीट स्ट्रोक से करे बचाव

गर्मी में लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में कच्चा प्याज शरीर का तापमान संतुलित रखता है और हीट स्ट्रोक से बचाने में मदद करता है। आप इसे सलाद के रूप में भी खा सकते हैं।



### शरीर को पहुंचाए ठंडक

प्याज में प्राकृतिक रूप से ठंडक देने वाले तत्व होते हैं, जो शरीर की गर्मी को कम करते हैं। इससे आपमें दिनभर ताजगी बनी रहती है।

### पाचन में मददगार

कच्चे प्याज में फाइबर की अच्छी मात्रा पाई जाती है। ये पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है और कब्ज जैसी समस्याओं से भी राहत दिलाता है।

### इम्युनिटी बनाए मजबूत

प्याज में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन-C शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करते हैं, जिससे आप गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचे रहते हैं।

### स्किन और बालों के लिए भी फायदेमंद

कच्चा प्याज स्किन को ग्लोइंग बनाने और बालों को मजबूत करने में भी बेहद लाभकारी हो सकता है। इसमें मौजूद सल्फर त्वचा और बालों दोनों के लिए फायदेमंद होता है।

### ब्लड शुगर कंट्रोल करे

कच्चा प्याज इंसुलिन के स्तर को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है, जिससे डायबिटीज के मरीजों के लिए यह लाभकारी हो सकता है।

### कैसे करें डाइट में शामिल

- सलाद के रूप में नींबू और नमक के साथ
- दही में मिलाकर रायते की तरह
- चटनी में लहसुन के साथ पीसकर
- खाने के साथ कच्चे स्लाइस के रूप में

## आज का राशिफल

**मेष** : स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृषभ** : पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** : दुःखद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा।

**कर्क** : भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग बना रहेगा।

**सिंह** : घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या** : यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

**तुला** : स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

**धनु** : नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा।

**मकर** : किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

**कुंभ** : स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे।

**मीन** : प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# फेस पर ग्लो लाना है तो लगाएं अखरोट का तेल



### दाग-धब्बे हो जाएंगे दूर, हर दिन निखरेगा चेहरा

अगर आप भी चेहरे पर नैचुरल ग्लो लाना चाहते हैं और बार-बार बदलते स्किन केयर प्रोडक्ट्स से परेशान हो चुके हैं, तो अब समय है घरेलू और नेचुरल उपाय अपनाने का. ऐसा ही एक कमाल का उपाय है अखरोट का तेल यह तेल ना सिर्फ आपके चेहरे को नमी देता है बल्कि दाग-धब्बों और झुर्रियों से भी राहत दिलाने में मदद करता है.

अखरोट को सुपरफूड माना जाता है, और इसका तेल भी उतना ही फायदेमंद होता है। इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड्स, विटामिन E, जिंक और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं, जो त्वचा के लिए बेहद लाभकारी होते हैं. यह तेल त्वचा की गहराई से सफाई करता है और उसे पोषण देता है.

अखरोट का तेल त्वचा को गहराई से मॉइस्चराइज करता है, जिससे वह हेल्दी और चमकदार दिखती है. नियमित रूप से इस तेल की मालिश करने से चेहरे के दाग-धब्बे, टैनिंग और काले निशान धीरे-धीरे हल्के हो जाते हैं. इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं, जिससे झुर्रियां और फाइन लाइन्स कम होने लगती हैं. अखरोट के तेल में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण त्वचा की सूजन और पिंपल्स को कम करने में मदद करते हैं. इसके अलावा यह सूरज की हानिकारक किरणों से बचाता है और स्किन टोन को भी सही करता है.

### कैसे करें इस्तेमाल?

रात को सोने से पहले चेहरे को अच्छे से साफ करें. अब कुछ बूंद अखरोट के तेल की हथेली पर लें और हल्के हाथों से चेहरे पर मसाज करें. पूरी रात इसे चेहरे पर लगा रहने दें और सुबह हल्के फेस वॉश से चेहरा धो लें. इसके अलावा आप इसका यूज फेस मास्क में भी कर सकते हैं. इस तेल को आप हल्दी और कॉफी के साथ मिक्स करके स्क्रब भी बना सकते हैं.

# सर्दी-जुकाम में क्यों बहने लगती है नाक?

### ज्यादातर लोगों में होती है कंफ्यूजन, डॉक्टर से जान लें सच्चाई

सर्दी के बाद जब गर्मी की शुरुआत हो चुकी है. फिलहाल मौसम बदलने का क्रम जारी है. कभी गर्मी हो जाती है तो कभी सर्दी. हेल्थ एक्सपर्ट की मानें तो ये मौसम सेहत के लिहाज से बिलकुल ठीक नहीं माना जाता है. इस दौरान खासतौर पर सर्दी, खांसी-जुकाम जैसी समस्याएं अक्सर लोगों में देखी जाती हैं. जुकाम होने पर लोगों की नाक बहने लगती है. लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर जुकाम होने पर नाक क्यों बहने लगती है? किन परेशानियों में बहने लगती है नाक? इस बारे में बता रहे हैं धनवंतरी क्लिनिक नोएडा के (इंटिग्रेटेड चिकित्सक) **डॉ. संजय कुमार वार्ष्णेय**–

डॉक्टर के मुताबिक, जुकाम होने पर ज्यादातर लोगों की नाक बहने लगती है. इसका मुख्य कारण यह है कि शरीर में संक्रमण से लड़ने के लिए अधिक बलगम (mucus) का उत्पादन होता है, जो नाक के रास्ते से बाहर निकल जाता है. इस स्थिति में एक्सपर्ट की सलाह जरूरी है.

### जुकाम में इसलिए बहती है नाक

**संक्रमण:** डॉक्टर के मुताबिक, जुकाम में नाक बहने का मतलब संक्रमण भी हो सकता है. बता दें कि, जुकाम या फ्लू जैसे वायरल संक्रमण से नाक की अंदरूनी परत में सूजन आ जाती है, जिससे बलगम का उत्पादन बढ़ जाता है.

**एलर्जी:** कई लोगों को एलर्जी की समस्या होने पर भी नाक बहने की शिकायत हो सकती है. बता दें कि, शरीर एलर्जी के प्रति प्रतिक्रिया के रूप में अधिक बलगम का उत्पादन करता है, जिससे नाक बहने लगती है.

**साइनस में सूजन:** साइनस में सूजन की वजह से भी कुछ लोगों में नाक बहने की समस्या देखी जाती है. बता दें कि, साइनसाइटिस (sinusitis) के कारण नाक के मार्ग में सूजन आ जाती है, जिससे बलगम का उत्पादन बढ़ जाता है.



**ठंडी हवा:** मौसम बदलने पर कई हवाएं चलने लगती हैं. ये ठंडी हवा में सांस लेने से नाक की अंदरूनी परत को नुकसान हो सकता है, जिससे बलगम का उत्पादन बढ़ जाता है. इससे नाक बहने लगती है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### यूपी में एक और पत्नी ने कर दिया कांड, हार्ट अटैक बताकर घोट दिया पति का गला

**बिजनौर.** यूपी में एक और मेरठ के सौरभ हत्याकांड जैसा मामला सामने आया है। बिजनौर में एक महिला ने अपने रेलकर्मी पति की गला घोट कर हत्या कर दी। पति की मौत के बाद पत्नी ने पहले बैठे-बैठे गिर जाने ओर फिर हार्ट अटैक पड़ने का शोर मचाया, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हो गया कि रेलकर्मी की मौत हार्ट अटैक से नहीं बल्कि गला घोंटने से हुई है। रेलकर्मी के भाई की शिकायत पर पुलिस ने उसकी भाभी को गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ की। पुलिस पूछताछ के दौरान रेलकर्मी की पत्नी पूरी तरह से टूट गई और सबकुछ सच उगल दिया।

### कानपुर में दर्दनाक हादसा, पेड़ से टकराने के बाद डंपर में लगी आग, जिंदा जला ड्राइवर

**कानपुर.** यूपी के कानपुर से एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। जहां सोमवार सुबह बिधनू क्षेत्र से गुजर रहे हाईवे पर एक डंपर अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे उतर गया और सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराया। टक्कर के तुरंत बाद डंपर में भीषण आग लग गई, जिससे ड्राइवर की मौके पर ही जलकर मौत हो गई। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। ये घटना बिधून क्षेत्र के संभुआ पुल का है। जानकारी के मुताबिक ड्राइवर को नींद आने से डंपर हाईवे से नीचे उतरकर एक पेड़ से जा टकराया। जिससे ट्रक में आग लग गई। इस हादसे में डंपर ड्राइवर जिंदा जल गया। आग की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को बुलाया। जिसके बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक ड्राइवर की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया साथ ही हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।

### 15 दिन से लापता बच्चे का मिला कंकाल

**शाहजहांपुर.** शाहजहांपुर में परौर के नारायन नगला गांव में पिछले 15 दिनों से लापता बालक का कंकाल घर से करीब 900 मीटर दूर गेहूं के खेत में टुकड़ों में मिला है। कंकाल को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। एसपी राजेश द्विवेदी ने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई। पुलिस ने संदेह के आधार पर पड़ोसी और रिश्तेदारों को हिरासत में लिया है। इसके बाद पुलिस ने कॉंबिंग की, लेकिन रितिक का कहीं सुराग नहीं लगा। शनिवार शाम करीब सात बजे थाना परौर पुलिस गोलागंज, बर्खेमई, नौगवा के चौमुहां हार में कांबिंग कर रही थी, तभी पुलिस को रितिक के मकान से करीब 900 मीटर दूर गेहूं के एक खेत कंकाल और अंडरवियर दिखाई दिया। कपड़े से माता-पिता ने कंकाल की शिनाख्त की बेटे की हत्या से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बरेली की एक फैक्ट्री में बॉयलर फटने से धमाका, लगी आग, दो घायल

**बरेली.** बरेली में भीषण आग हादसे में दो लोग जख्मी हो गए। विशारतगंज में अलीगंज बॉर्डर स्थित एसएनजे बायो एथेनॉल फैक्ट्री में बॉयलर फटने से तेज धमाके के बाद आग लग गई। इस हादसे में फैक्ट्री के पांच कर्मचारी घायल हुए हैं। दमकल विभाग को पुलिस को घयना की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीमें आग पर काबू पाने में लगी हैं। सूचना पाते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और आस-पास भीड़ को काबू किया। साथ ही घायलो को इलाद के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस के मुताबिक विशारतगंज स्थित एसएनजे बायो एथेनॉल फैक्ट्री में बॉयलर फटने से तेज धमाके के बाद अचानक आग लग गई।

# स्टॉक मार्केट में 'भूकंप' दिग्गजों के पांव उखड़े

- टाटा की 6 कंपनियों ने गंवाए 1.28 लाख करोड़ रुपए



**मुंबई.** शेयर बाजार के इतिहास में बीते कुछ बड़ी गिरावटों में से एक गिरावट आज देखने को मिली है। शेयर बाजार आज भारी गिरावट के साथ बंद हुआ है। सेंसेक्स 2.95 प्रतिशत या फिर 2226.79 अंक की गिरावट के साथ 73,137.90 पर बंद हुआ है। वहीं, निफ्टी 3.24 प्रतिशत या फिर 742.85 अंक की गिरावट के साथ 22,161.60 अंक पर बंद हुआ है। इससे पहले सेंसेक्स दिन में 71,425.01 अंक और निफ्टी लुढ़क कर 21,743.65 अंक पर पहुंच गया था। वहां से रिकवरी देखने को मिली जरूर लेकिन मार्केट पूरी तरह वापसी नहीं कर पाया है। अब देखना होगा कि कल क्या स्थिति रहती है। सेंसेक्स और निफ्टी की स्थिति खराब है। मार्केट के इस भूंकप में टाटा जैसी दिग्गज कंपनियों के भी पांव उखड़ गए। निफ्टी50 इंडेक्स में लिस्टेड 6 टाटा ग्रुप की कंपनियों ने 1.28 लाख करोड़ रुपये से अधिक का मार्केट कैप गंवाया है। इन सभी 6 कंपनियों के शेयरों में गिरावट की वजह ट्रंप का टैरिफ ऐलान है।

### कौन सी हैं वो 6 कंपनियां?

निफ्टी50 इंडेक्स में लिस्टेड टाटा ग्रुप की 6 कंपनियां टीसीएस, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, टाइटन, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और ट्रेंट है। आज की गिरावट में टाटा ग्रुप की इन कंपनियों का मार्केट कैप 1.28 लाख करोड़ रुपये लुढ़क गया है।

### सबसे बड़ी गिरावट ट्रेंट में

कपड़ों आदि का कारोबार करने वाली चर्चित कंपनी ट्रेंट के शेयरों में सबसे बड़ी गिरावट देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों का भाव 19 प्रतिशत टूट गया। 2020 मार्च के बाद कंपनी के शेयरों में किसी दिन में यह सबसे बड़ी गिरावट है। यह स्थिति तब है जब कंपनी का रेवन्यू दिसंबर तिमाही 28 प्रतिशत बढ़ा है।

### टाटा स्टील से लेकर टाटा मोटर्स तक का है बुरा हाल

दूसरी सबसे बड़ी गिरावट टाटा स्टील के शेयरों में देखने को मिली। यह दूसरा कारोबारी दिन है जब टाटा स्टील के शेयरों का भाव लुढ़क गया है। टीसीएस के शेयरों की बात करें तो कंपनी के शेयर एनएसई में 52 वीक लो लेवल 3,056 .05 अंक पर पहुंच गया। कंपनी के शेयरों में 7 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली। बता दें, टाइटन और टाटा कंज्यूमर के शेयरों का भाव क्रमश: 5 प्रतिशत और 6 प्रतिशत टूटा है। इस लिस्ट में छठवीं कंपनी टाटा मोटर्स भी है।

# आसाराम को 1 जुलाई तक अंतरिम जमानत

- हाईकोर्ट ने राहत दी
- 31 मार्च को ढाई महीने की बेल खत्म हुई थी



जोधपुर के आश्रम में नाबालिग से रेप के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को गुजरात के बाद अब राजस्थान हाईकोर्ट से भी राहत मिली है। कोर्ट ने उसकी अंतरिम जमानत 1 जुलाई तक बढ़ा दी है।

हाईकोर्ट ने आसाराम को सुप्रीम कोर्ट की ओर से पूर्व में जारी शर्तों का पालन करने के लिए कहा है। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार की खंडपीठ में सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने आसाराम को 30 जून तक की अंतरिम जमानत दी तो वकील ने अंतिम दिन छुट्टी होने की बात कहते हुए इसे 1 जुलाई तक करने का आग्रह किया।

आसाराम 14 जनवरी से 31 मार्च तक अंतरिम जमानत पर था। ये पीरियड खत्म होने पर 1 अप्रैल को आसाराम ने सरेंडर कर दिया था। उसी रात वह प्राइवेट अस्पताल में भर्ती हो गया था और अभी भी वहीं पर भर्ती है।

- सुप्रीम कोर्ट की शर्त का उल्लंघन करने पर किया सवाल

आसाराम के वकील निशांत बोड़ा ने बताया- मामले में 2 अप्रैल को सुनवाई हुई थी। पीड़िता के वकील पीसी सोलंकी ने आसाराम पर सुप्रीम कोर्ट की प्रवचन नहीं करने की शर्त का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। इसके बाद हाईकोर्ट ने आसाराम से शपथ पत्र पेश करने को कहा था।

निशांत बोड़ा ने बताया- कोर्ट में आज शपथ पत्र पेश किया। कोर्ट ने सवाल किया कि आसाराम ने अंतरिम जमानत मिलने के बाद प्रवचन किए या नहीं?

### वाराणसी-गोरखपुर हाईवे पर पलटा सरसों तेल से भरा टैंकर

**गाजीपुर.** गाजीपुर जिले के नंदगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नैसारा गांव के पास एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। वाराणसी-गोरखपुर हाईवे पर सरसों के तेल से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर के पलटते ही उसमें भरा हजारों लीटर सरसों का तेल पास की पोखरी और सड़क पर फैल गया। जिसे लूटने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाया कि बिना जांच किए तेल का प्रयोग स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। पुलिस की अपील के बाद लोग धीरे-धीरे मौके से हटने लगे।

# बच्चों को दत्तक लेने की प्रक्रिया में महाराष्ट्र शीर्ष पर

- 537 बच्चों को मिला उनका घर और परिवार

**मुंबई.** बच्चों को दत्तक लेने की प्रक्रिया को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। गोद लेने की प्रक्रिया में महाराष्ट्र राज्य देश में शीर्ष पर है। इस बीच, देश में कानूनी रूप से गोद लिये गये बच्चों की कुल संख्या 4,512 है। लेकिन महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने बताया है कि महाराष्ट्र में कुल 537 बच्चों को कानूनी तौर पर गोद लिया गया है।

### 537 बच्चों को मिला सही घर

इस बीच, महिला एवं बाल विकास विभाग कानूनी गोद लेने के लिए बच्चों को छोड़ने की प्रक्रिया को क्रियान्वित कर रहा है। इस बीच, महिला एवं बाल विकास विभाग गोद लेने की प्रक्रिया को प्रभावी और तीव्र बनाने की योजना बना रहा है ताकि अधिकाधिक बच्चों को सुरक्षित, अच्छे और प्रेमपूर्ण परिवार मिल सकें। विभाग के सचिव डॉ. अनूप कुमार यादव और आयुक्त नयना गुंडे के मार्गदर्शन में बाल दत्तक ग्रहण



प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है। देश के अन्य भागों में, बच्चों को गोद लेने वाले राज्यों की सूची में महाराष्ट्र शीर्ष स्थान पर है। वर्ष 2024-25 में अधिकतम 537 बच्चों को कानूनी रूप से गोद लेकर इच्छुक माता-पिता को सौंप दिया गया। इससे बच्चों को उनके असली 'माता-पिता' और 'घर' मिल गए हैं।

### 60 विशेष दत्तक ग्रहण मान्यता प्राप्त संस्थाएं

दूसरी ओर, महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से 60 विशेष दत्तक ग्रहण मान्यता प्राप्त संस्थाएं कार्य कर रही हैं। इन संगठनों के माध्यम से पात्र दत्तक बच्चों को कानूनी रूप से स्वतंत्र घोषित किया जाता है। उन बच्चों को सही घर, माता-पिता और परिवार उपलब्ध कराने का काम संगठनों के माध्यम से किया जाता है। किशोर न्याय अधिनियम 2015, (संशोधन) अधिनियम 2021, और जेल दत्तक ग्रहण नियम 2022 के अनुसार राज्य में गोद लेने की प्रक्रियाओं को प्रभावी रूप से लागू किया गया है।

इसलिए, महाराष्ट्र राज्य ने वर्ष 2024-25 में सबसे अधिक 537 बच्चों को कानूनी रूप से गोद लिया है, और महाराष्ट्र राज्य ने गोद लेने की प्रक्रिया में शीर्ष स्थान हासिल किया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के काम की प्रशंसा की है।

### डिजिटल लेनदेन और DBT में अव्वल बना यूपी

**लखनऊ.** यूपी डिजिटल लेनदेन और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) में पूरे देश में पहले नंबर पर है। जहां 2017-18 में राज्य में 122.84 करोड़ डिजिटल ट्रांजेक्शन हुए थे, वहीं 2024-25 में दिसंबर तक यह आंकड़ा 1024.41 करोड़ तक पहुंच गया। इतने कम समय में इतनी बड़ी छलांग लगाना यूपी के लिए बड़ी बात है। आज यूपी डिजिटल लेनदेन में नंबर वन है और खास बात यह है कि ज्यादातर ट्रांजेक्शन यूपीआई से हो रहे हैं। योगी सरकार ने डिजिटल क्रांति को हर घर तक पहुंचाने का सपना सच कर दिखाया है। डिजिटल बैंकिंग को आसान बनाने के साथ-साथ गांवों तक हाई स्पीड इंटरनेट की सुविधा पहुंचाई गई है। लोगों को इसके फायदे समझाने के लिए जागरूकता अभियान चलाए गए हैं।

# अगले 11 दिन भीषण गर्मी का अनुमान

- बाड़मेर में 26 साल का रिकॉर्ड टूटा
- MP में हीटवेव;
- मौसम विभाग का अलर्ट

**नई दिल्ली.** राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। आज सोमवार को 14 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। रविवार को बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। पिछले 26 साल में बाड़मेर में अप्रैल के पहले हफ्ते में यह सबसे ज्यादा तापमान है। अगले कुछ दिन गर्म से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

मध्य प्रदेश में भी भीषण गर्मी ने समय से पहले ही दस्तक दे दी है। रविवार को भोपाल का तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।



इस सीजन में यह सबसे ज्यादा है। प्रदेश के 13 जिलों में तापमान 40 से 42.2 डिग्री के बीच रहा। मौसम विभाग के अनुसार, आज नीमच, मंदसौर, भिंड, मुरैना, श्योपुर और रतलाम में लू चलने की संभावना है।

मौसम विभाग ने 11 दिन तक देश के अधिकतर राज्यों में लू चलने और अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास रहने अनुमान लगाया है। 10 अप्रैल तक राजस्थान, गुजरात के कुछ जिलों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री से ऊपर जा सकता है।

उत्तर प्रदेश में इस साल अप्रैल से जून तक तापमान सामान्य से ज्यादा रहने और हीटवेव चलने की आशंका है। दिन का तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहने का अनुमान है। रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा रह सकता है।

### दिल्ली में तापमान सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा

बीते दिन दिल्ली का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 3.1 डिग्री ज्यादा है, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री कम 18.5 डिग्री सेल्सियस रहा। शहर में सोमवार को हीटवेव चलने और अधिकतम तापमान 41 डिग्री के आसपास रह सकता है।

### इंडिगो फ्लाइट में महिला की मौत

**मुंबई.** मुंबई से वाराणसी जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में 89 साल की महिला की मौत हो गई। इसके बाद विमान की महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि महिला उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की रहने वाली थी। उनका नाम सुशीला देवी था। वे मुंबई से फ्लाइट में सवार हुई थीं। उड़ान के दौरान उनकी तबीयत खराब हुई।

मेडिकल इमरजेंसी की वजह से 6 अप्रैल रात करीब 10 बजे विमान को चिकलथाना एयरपोर्ट पर उतारा गया। एयरपोर्ट पर मेडिकल टीम ने उनकी जांच की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। अधिकारी ने बताया कि MIDC सिडको पुलिस थाने ने जरूरी कार्यवाही पूरी कीं.

# राहुल बोले- ट्रंप की वजह से शेयर बाजार में गिरावट



- पटना में कहा- देश में गरीब, आदिवासी सेकंड सिटीजन
- मोदी जी माय एक्सपेरिमेंट विथ लाइज लिखेंगे

**पटना.** सोमवार को बिहार दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार और RSS पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, 'महात्मा गांधी ने माय एक्सपेरिमेंट्स विथ ट्रुथ लिखा था। मोदी जी शायद माय एक्सपेरिमेंट्स विथ लाइज लिखेंगे।'

शेयर बाजार में भारी गिरावट पर राहुल ने कहा, 'अमेरिकी प्रेसिडेंट ट्रम्प ने शेयर बाजार की धज्जियां उड़ा दी है। आज मार्केट धराशाई हो गया है।'

RSS पर हमला बोलते हुए कहा, 'देश के संविधान में सावरकर की सोच नहीं है। इसमें महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू और अंबेडकर जैसे लोगों की सोच है। आज इस देश में आदिवासी, दलित सेकंड सिटिजन है।'

राहुल गांधी पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में पहुंचे थे। इससे पहले उन्होंने बेगूसराय में कांग्रेस की पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में हिस्सा लिया। कन्हैया कुमार के साथ एक किलोमीटर पैदल यात्रा की।'

### मंच पर लगे देखो-देखो शेर आया के नारे

राहुल के मंच पर पहुंचते ही समर्थकों ने 'देखो-देखो कौन आया, शेर आया' के नारे लगाए गए। राहुल को गदा और गौतम बुद्ध की तस्वीर देकर सम्मानित किया गया। 'नमक सत्याग्रह आंदोलन की 95वीं वर्षगांठ' पर यह कार्यक्रम पटना के SKM में आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम में नमक सत्याग्रह, नोनिया समाज और अमर शहीद बुद्धु नोनिया के योगदान के साथ ही शहीद प्रजापति रामचंद्र जी विद्यार्थी का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और वर्तमान में अति पिछड़ा समाज की दशा और भारतीय संविधान पर बात हुई। कार्यक्रम का मकसद अति पिछड़ा और दलित को साधना है।

# ईशांत शर्मा पर IPL नियम तोड़ने का आरोप

- BCCI ने मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया
- एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया



गुजरात टाइटंस के गेंदबाज ईशांत शर्मा पर IPL के नियमों को तोड़ने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाने साथ ही एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया है।

ईशांत शर्मा पर यह कार्रवाई गुजरात टाइटन्स (GT) और सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) के बीच हुए मैच के दौरान हुई। ईशांत शर्मा को आर्टिकल 2.2 के तहत दोषी पाया गया है। उन्होंने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। IPL के बयान में कहा गया- ईशांत शर्मा ने अनुच्छेद 2.2 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी के फैसले को मान लिया।

### 13 की इकोनॉमी से की गेंदबाजी

ईशांत शर्मा को इस मैच में कोई सफलता नहीं मिली। उन्होंने 4 ओवर में 13.25 की इकोनॉमी से 53 रन दिए। उनके ओवर में 9 चौके और 1 छक्का लगा।

### क्या है BCCI का अनुच्छेद 2.2

BCCI का नियम अनुच्छेद 2.2 में सामान्य क्रिकेट की गतिविधियों से बाहर कोई भी कार्रवाई शामिल है, जैसे कि विकेटों को मारना या लात मारना और कोई भी कार्रवाई जो जानबूझकर, लापरवाही से या असावधानी से (किसी भी मामले में भले ही आकस्मिक हो) विज्ञापन बोर्ड, बाउंड्री फेंस, ड्रेसिंग रूम के दरवाजे, दर्पण, खिड़कियां और अन्य किसी चीज को नुकसान पहुंचाती है। उदाहरण के लिए यह अपराध तब हो सकता है, जब कोई खिलाड़ी निराशा में अपना बल्ला जोर से घुमाता है और विज्ञापन बोर्ड को नुकसान पहुंचाता है।

# मुस्लिम भाजपा नेता का घर जलाया

- नए वक्फ बिल का समर्थन किया था
- अब प्रधानमंत्री से एक्ट वापस लेने की अपील की

नए वक्फ कानून का समर्थन करने पर मणिपुर के थोउबल जिले में रविवार को भीड़ ने भाजपा बीजेपी के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष असगर अली मकाकमयुम के घर में तोड़फोड़ की और आग लगा दी।

घटना के बाद असगर अली ने माफी मांगी और केंद्र सरकार से नए वक्फ कानून को वापस लेने



की अपील की। उन्होंने पोस्ट में पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को भी टैग किया। असगर अली ने लिखा –

कृपया इस मुद्दे पर राजनीति न करें। मैंने जो कुछ भी कहा, अगर उससे किसी की भावनाएं आहत हुई हैं, तो मैं माफी चाहता हूं। मैं केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस कानून को वापस ले लिया जाए।

राष्ट्रीय जनता दल नए वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करेगा। सुप्रीम कोर्ट में अब तक 6 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। केरल के सुन्नी मुस्लिम संगठन जमीयतुल उलेमा, कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी, AAP विधायक अमानतुल्लाह खान, सिविल राइट्स संगठन एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स और जमीयत उलेमा-ए-हिंद याचिका लगा चुके हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने 11 अप्रैल से पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

# ममता बोलीं- काबिल टीचर्स के लिए कोर्ट का फैसला अन्यायपूर्ण

- मत समझिए हमने इसे स्वीकार किया
- यह कहने के लिए जेल भेज सकते हैं

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को उन शिक्षकों और स्टाफर्स से मुलाकात की, जिनकी भर्ती सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दी है। ममता बनर्जी ने कहा कि हम कोर्ट के आदेश से बंधे हुए हैं। यह फैसला उन कैंडिडेट्स के लिए अन्याय है, जो काबिल शिक्षक थे।

ममता ने यह मुलाकात कोलकाता के नेताजी इनडोर



स्टेडियम में की। इस दौरान उन्होंने कहा, ₹आप लोग यह मत समझिए कि हमने फैसले को स्वीकार कर लिया है। हम पत्थरदिल नहीं हैं। मुझे ऐसा कहने के लिए जेल भी डाल सकते हैं, लेकिन मुझे फर्क नहीं पड़ता है।₹

वहीं, शिक्षकों ने कहा कि घोटाले में CM, उनका मंत्रिमंडल और आयोग सभी शामिल हैं। नौकरियों के बदले रिश्वत ली गई है। CM ने आज हमें 'लॉलीपॉप' दिया है कि मामले की जांच कराएंगी।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 3 अप्रैल को स्कूल भर्ती घोटाले से जुड़े कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (WBSSC) की 2016 में 25,752 शिक्षकों और स्टाफर्स की नियुक्ति को अवैध बताते हुए भर्ती रद्द कर दी थी। अदालत ने कहा था कि भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां थीं।


जलसंपदा विभाग, शासन निर्णय क्रमांक निविदा 0417/प्र.क्र.247/मोप्र-1/दि.30/11/2018 चे प्रपत्र

**मृद व जलसंधारण विभाग**
**जिल्हा जलसंधारण अधिकारी**
**मृद व जलसंधारण विभाग, कळवा, ठाणे. यांचे कार्यालय**
**कडा वसाहत, सहकार विद्यालयासमोर, जुना मुंबई - पुणे रोड, कळवा (प)**
**दूरध्वनी क्रमांक - 022-25428127 ई-मेल cemilsdnt@gmail.com**

**ई-निविदा सुचना क्र.ब-1/09/ सन 2025-26**

जिल्हा जलसंधारण अधिकारी, मृद व जलसंधारण विभाग, कळवा-ठाणे, मृद व जलसंधारण विभाग, महाराष्ट्र शासन हे सार्वजनिक बांधकाम विभागाकडील नोंदणीकृत कंत्राटदाराकडून खालील कामांकरीता ब-1 नमुन्यातील निविदा सीलबंद लिफाफ्यात मागवित आहेत. निविदा कागदपत्रे शासनाचे संकेतस्थळ http://www.mahatenders.gov.in येथून डाऊनलोड करण्यात यावीत. निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार जिल्हा जलसंधारण अधिकारी, मृद व जलसंधारण विभाग, कळवा-ठाणे यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

| | |
|---|---|
| **कामाचे नांव** | :- 1) मौजे- नामपाडा (सावरोली), ता. शहापूर, जि. ठाणे येथे सिमेंट कॉंक्रीट बंधारा बांधणे. |
| **निविदेची अंदाजित किंमत** | :- रु. 19,30,070/- |
| ई-निविदा उपलब्ध कालावधी | :- दिनांक : 08.04.2025 ते दिनांक 22.04.2025 |
| **ई-निविदा भरण्याचा कालावधी** | :- दिनांक : 08.04.2025 ते दिनांक 22.04.2025 |
| **ई-निविदा उघडणे** | :- दिनांक : 24.04.2025 (शक्य झाल्यास) |

खालील ठिकाणी ई-निविदा बाबतची सर्व माहिती उपलब्ध आहे.
1. संकेतस्थळ http://mahatenders.gov.in
(सदर निविदा सुचना मध्ये काही बदल होत असल्यास वरील वेबसाईटवर कळविण्यात येईल)
2. संकेतस्थळ जाहिरातीची माहिती http://www.cemilspn.in
3. जिल्हा जलसंधारण अधिकारी, मृद व जलसंधारण विभाग, ठाणे यांचे कार्यालयातील सुचना फलकावर.

सही/-
**फरीद खान**
जिल्हा जलसंधारण अधिकारी
मृद व जलसंधारण विभाग
कळवा- ठाणे.

जा.क्र.जिजअ/मृवजवि/ठाणे/लेशा-1/1013/2025
दिनांक :- 01.04.2025
कार्यालय, जिल्हा जलसंधारण अधिकारी
मृद व जलसंधारण विभाग, कळवा-ठाणे

**संक्षेप...**

### रिक्शा चालक ने पुलिस कर्मी पर किया हमला

**नालासोपारा.** नालासोपारा पश्चिम में एक रिक्शा चालक ने एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी पर कथित तौर पर हमला किया और उसकी सरकारी ई-चालान मशीन छीन ली। आरोपी चालक की पहचान शावेश अंसारी के रूप में हुई है, जिसे नालासोपारा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विरार ट्रैफिक शाखा से जुड़े पुलिस कांस्टेबल सागर विष्णु एकसिंगे (45) द्वारा दर्ज की गई शिकायत के अनुसार, यह घटना नालासोपारा पश्चिम में रेलवे स्टेशन ओवरब्रिज के पास शाम करीब 6 बजे हुई।

# कुणाल कामरा ने बॉम्बे हाईकोर्ट से लगाई गुहार

- FIR रद्द करने की मांग
- 21 अप्रैल को होगी सुनवाई

**मुंबई.** स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग को लेकर शनिवार (5 अप्रैल) को बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की है. महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ एक कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर यह मामला दर्ज किया गया है, जो उन्होंने एक कॉमेडी शो के दौरान की थी.

हाईकोर्ट की वेबसाइट के अनुसार, कामरा ने 5 अप्रैल को एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए एक याचिका दायर की, जिसमें दावा किया गया कि यह कार्रवाई संविधान के तहत अनुच्छेद 19 (1) (ए) (भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार), 19 (1) (जी) (किसी भी पेशे और व्यवसाय का अभ्यास करने का अधिकार) और 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) के तहत गारंटीकृत उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है.

हाईकोर्ट की वेबसाइट के अनुसार, यह मामला 21 अप्रैल को न्यायमूर्ति सारंग वी. कोतवाल और श्रीराम एम. मोडक की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है. कामरा को मुंबई पुलिस द्वारा तीसरी बार समन भेजा गया था, लेकिन वह शनिवार को भी पेश नहीं हुए.



शिवसेना विधायक मुरजी पटेल की शिकायत पर 24 मार्च को MIDC पुलिस स्टेशन ने कामरा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 353(1)(b), 353(2) (सार्वजनिक उपद्रव फैलाने वाले बयान) और 356(2) (मानहानि) के तहत मामला दर्ज किया था. बाद में यह जीरो FIR खार पुलिस स्टेशन को ट्रांसफर कर दी गई. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कामरा ने खार स्थित हैबिटैट स्टूडियो में एक शो के दौरान एकनाथ शिंदे की नैतिक छवि पर सवाल उठाते हुए अपमानजनक टिप्पणी की, जिससे न केवल शिंदे की छवि धूमिल हुई बल्कि दो राजनीतिक दलों के बीच शत्रुता भी बढ़ी.

### मद्रास हाई कोर्ट ने दी थी अंतरिम अग्रिम जमानत

इससे पहले, मद्रास हाई कोर्ट ने कामरा को मुंबई में दर्ज इसी मामले में 7 अप्रैल तक अंतरिम अग्रिम जमानत दी थी. कामरा ने यह कहते हुए मद्रास हाईकोर्ट का रुख किया था कि वह तमिलनाडु के उत्तरी जिले के स्थायी निवासी हैं और महाराष्ट्र यात्रा के दौरान उन्हें गिरफ्तारी या शारीरिक क्षति का खतरा है. उनके खिलाफ की गई शिकायत राजनीतिक रूप से प्रेरित है और वीडियो अपलोड के बाद हुई तोड़फोड़ इस बात का प्रमाण है कि FIR दुर्भावनापूर्ण इरादों से की गई है

# मुंबई से गोवा 6 घंटे में

- जल्द ही रो-रो सेवा शुरू करने का प्रयास

**मुंबई.** मुंबई और गोवा के बीच दो स्टीमर से 1960 के दशक में लोगों को ले जाने की शुरुआत हुई थी। भारत के बड़े टूरिस्ट डेस्टिनेशन गोवा के लिए लेकिन नियमित तौर पर रो-रो फेरी सेवा शुरू नहीं हुई। अब महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने खुद इस विषय में रुचि दिखाई है। अगर सबकुछ ठीक रहा है तो मुंबई-गोवा राजमार्ग खुलने का इंतजार करने लोगों को बड़ी सौगात मिलेगी। लोग सिर्फ 6 घंटे में ही मुंबई से गोवा पहुंच जाएंगे।

मुंबई और ठाणे जैसे शहरों में केबल टैक्सी जैसे नए परिवहन के मोड पर काम कर रहे सरनाईक ने कहा है कि मुंबई से गोवा रो-रो सेवा शुरू करने का प्रयास कर रहे हैं। सरनाईक का बयान ऐसे वक्त पर आया है जब कुछ समय पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मुंबई मेट्रोपॉलिटन (एमएमआर) क्षेत्र में जल परिवहन की घोषणा की थी, क्योंकि इस क्षेत्र में एक ओर खाड़ी है।

दूसरी ओर समुद्र है।यहां पर 15-20 जेटियों का काम भी पूरा हो चुका है। इनके निर्माण के बाद मीरा-भायंदर से वसई-विरार तक रो-रो सेवा शुरू हो चुकी है।

# साइबर क्राइम को नियंत्रित करने साइबर प्रयोगशालाओं का नेटवर्क सक्षम बनाएं - CM देवेन्द्र फडणवीस

- मुख्यमंत्री ने मुंबई में 3 साइबर लैब का उद्घाटन किया

**मुंबई.** साइबर अपराध पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए साइबर प्रयोगशाला साइबर अपराधों की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सरकार इस उद्देश्य के लिए प्रयोगशालाएं बना रही है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को साइबर प्रयोगशालाओं के नेटवर्क को और मजबूत करने का निर्देश भी दिया।

मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के हाथों दक्षिण मुंबई संभाग के निर्भया साइबर प्रयोग विद्यालय का डीबी नगर पुलिस स्टेशन में उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही, मुंबई (मध्य) के लिए वर्ली पुलिस स्टेशन और मुंबई (पूर्व) के लिए गोवंडी पुलिस स्टेशन में साइबर प्रयोगशालाओं का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया।



कार्यक्रम में गृह राज्य मंत्री (शहरी) योगेश कदम, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) इकबाल सिंह चहल, मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फनसालकर, विशेष पुलिस आयुक्त देवेन भारती और पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुंबई शहर में 5 साइबर प्रयोगशालाएं प्रस्तावित हैं। इनमें से तीन प्रयोगशालाएं चालू हो चुकी हैं। इन प्रयोगशालाओं के माध्यम से महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के अपराधों, विशेषकर साइबरस्पेस के माध्यम से किए गए अपराधों को कम समय में साबित किया जा सकता है। इसके अलावा, यदि किसी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से डेटा डिलीट किया जाता है, मोबाइल फोन के साथ तोड़फोड़ की जाती है, या किसी अपराध को छिपाने या सबूत नष्ट करने के लिए मोबाइल फोन से छेड़छाड़ की जाती है, तो ऐसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से सभी डेटा को आधुनिक कंप्यूटर सिस्टम की मदद से 'रिकवर' किया जाएगा। प्रयोगशालाएं आधुनिक तकनीक से सुसज्जित हैं और नवीनतम कंप्यूटर प्रणालियों (सॉफ्टवेयर) से सुसज्जित हैं।

इन प्रयोगशालाओं में इस क्षेत्र की विश्व भर की नवीनतम तकनीक का उपयोग किया जाएगा। वित्तीय अपराधों के संदर्भ में प्रयोगशाला के माध्यम से ऑनलाइन मनी लॉन्ड्रिंग और बैंक खातों की हैकिंग जैसे अपराधों पर भी नियंत्रण किया जा सकेगा।

### बुधवार को ठाणे के कुछ इलाकों में पानी नहीं

**ठाणे.** मनपा की स्वयं जलापूर्ति योजना के तहत मानकोली एमबीआर की मुख्य जल पाइप लीक हो रहा है और इसे रोकना जरूरी है। साथ ही अपनी स्वयं की जलापूर्ति योजना के तहत पिसे से टेमघर जल शुद्धिकरण केंद्र तक मेन पाइपलाइन पर अनाधिकृत नल कनेक्शनों को बुधवार 9 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक बंद कर उक्त कार्य करने की योजना बनाई है। इसके लिए मनपा की अपनी जलापूर्ति योजना है। इसलिए स्टेम प्राधिकरण की योजना को अत्यावश्यक कार्य के लिए 12 घंटे के लिए बंद रखा जाएगा। बुधवार को सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक घोड़बंदर रोड, लोकमान्य नगर, वर्तक नगर, साकेत, रितु पार्क, जेल, गांधी नगर, रुस्तमजी, सिद्धांचल, इंदिरा नगर, रूपादेवी श्रीनगर, समता नगर, सिद्धेश्वर, इटरनिटी, जॉनसन, मुंब्रा और कलवा के कुछ हिस्सों जैसे क्षेत्रों में 12 घंटे तक पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बंद रहेगी।

**जायंट्स ग्रुप ऑफ भिवंडी सहेली की ओर से**

# नन्हे बच्चों की साइकिल स्पर्धा का आयोजन

**भिवंडी.** जायंट्स ग्रुप ऑफ भिवंडी सहेली की ओर से नन्हे बच्चों की साइकिल स्पर्धा का आयोजन आर एस एस ग्राउंड, एनईएस हाइस्कूल, ब्राह्मण आली, भिवंडी पर किया गया. नन्हे बच्चों में मैदानी खेलकूद में दिलचस्पी और शारीरिक तंदुरुस्ती बढ़नी चाहिए इस हेतू साइकिल स्पर्धा का आयोजन किया गया था. 3 से 5 साल के तकरीबन 150 नन्हे बच्चों ने इस 'साइकिल स्पर्धा' में बड़े जोश के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया.

जायंट्स ग्रुप ऑफ भिवंडी सहेली की ओर से उपस्थित सभी स्पर्धको को टी शर्ट, बिस्किट और फ्रूटी का वितरण किया गया. विजेताओं को मेडल और सभी स्पर्धकों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया.



उक्त अवसर पर स्नेहा कुलकर्णी (मुख्याध्यापिका, दांडेकर स्कूल) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. गणमान्य व्यक्तियों में मितेश गोसरानी (प्राचार्य, ओसवाल डिग्री कॉलेज),गगन जैन, जीवराज नगरिया, यशवंती बिल्लावा, कुरैश मांडवीवाला, विनय पुजारी, दीपक डोडी, कल्पेश शाह, अली मेमन उपस्थित रहे. कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में खिलना शाह (अध्यक्षा, जायंट्स ग्रुप ऑफ भिवंडी सहेली), प्रियंका शर्मा (डी ए),रामानी पुजारी (प्रोजेक्ट चेयरपर्सन), पूनम केणी (पूर्व अध्यक्षा), सोनाली चैटर्जी (उपाध्यक्ष), रेणु जैन (उपाध्यक्ष), एडवोकेट अनिता भक्तवानी, आशा पुजारी,फरीदा खान, खदीजा, अम्बर आदि सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

# 10 अप्रैल से पानी के टैंकर सेवाएं बंद



- जलाशयों में सिर्फ 33 फीसदी पानी

**मुंबई.** मुंबई में 10 अप्रैल से पानी के टैंकर सेवाएं बंद कर दी जाएंगी। मुंबई नगर निगम द्वारा केंद्रीय भूजल प्राधिकरण के संबंध में नए नियम लागू किए जाने के बाद मुंबई वाटर टैंकर एसोसिएशन ने यह निर्णय लिया है। एसोसिएशन ने यह निर्णय बीएमसी की नोटिस के बाद लिया है। यह ऐसे वक्त पर हुआ है जब मुंबई पर जल संकट मंडरा रहा है। जलाशयों में सिर्फ 33 फीसदी पानी की बचा है।

ऐसी भी संभावना व्यक्त की जा रही है कि सप्लाई में कटौती की जा सकती है। मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने लोगों से पानी का विवेकपूर्वक इस्तेमाल करने की अपील की है, ताकि जल संकट से बचा जा सके।

### बीएमसी की नोटिस के बाद फैसला

मुंबई नगर निगम ने एक नोटिस जारी किया, जिसमें कहा गया है कि मुंबई में कुएं और बोरवेल मालिकों को केंद्रीय भूजल प्राधिकरण के नियमों के अनुसार एनओसी प्राप्त करना होगा, अन्यथा पानी की आपूर्ति काट दी जाएगी। चूंकि यह पाया गया है कि बोरवेल मालिकों के पास एनओसी नहीं है, तो पानी की आपूर्ति कैसे की जाए? इस चिंता के कारण, मुंबई वाटर टैंकर एसोसिएशन ने इस निर्णय के विरोध में जल टैंकर सेवाएं बंद करने का निर्णय लिया है। मुंबई के विभिन्न भागों में पहले से ही जलापूर्ति बाधित होने के कारण यदि पानी के टैंकर बंद कर दिए गए तो मुंबईकरों को भारी नुकसान हो सकता है।

**ठाणे शहर को शत-प्रतिशत क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए प्रभाग स्तर पर करें शिविर आयोजित**

# क्षयरोग मूल्यांकन में ठाणे शहर चौथे स्थान पर

**ठाणे.** मनपा की ओर से क्षय रोग उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयासों के कारण मनपा को राज्य में चौथा स्थान मिला है। ठाणे शहर को शत-प्रतिशत क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए प्रभाग समिति स्तर पर नागरिकों की सख्ती से जांच की जानी चाहिए और इसके लिए सांसद नरेश म्हस्के ने प्रशासन को क्षय रोग विभाग को अतिरिक्त मानव संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।सांसद म्हस्के ने शहर को क्षय रोग मुक्त मूल्यांकन में चौथा स्थान मिलने पर मनपा आयुक्त सौरभ राव और क्षय रोग विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी।राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आज राष्ट्रीय क्षय रोग विभाग गौरव पुरस्कार समारोह का आयोजन स्व.नरेंद्र बल्लाल सभागार में आयोजन किया गया।इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, उपायुक्त उमेश बिरारी, छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल के मेडिकल डीन डॉ. राकेश बारोट, चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतना नितिल, क्षय रोग विशेषज्ञ प्रसाद पाटील और शहर क्षय रोग अधिकारी और कर्मचारियों की उपस्थिति रही।सांसद नरेश म्हस्के ने ठाणे मनपा के क्षय रोग विभाग को सीएसआर निधि से 1 करोड़ रुपए प्रदान करने के लिए महानगर गैस लिमिटेड के उपाध्यक्ष आत्मकुर चक्रपाणि और सीएसआर मुख्य अधिकारी सुशांत राऊत को धन्यवाद दिया, साथ ही मिंट कॉर्पोरेशन के उप महाप्रबंधक इंद्रदीप कौर को सीएसआर निधि से 1.25 करोड़ रुपए प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया।इस अवसर पर क्षय रोग उन्मूलन अभियान को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने वाले क्षय रोग विशेषज्ञ एवं शहर क्षय रोग अधिकारी डॉ. प्रसाद पाटिल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।



# उपमुख्यमंत्री शिंदे के हाथों महाप्रसाद का वितरण



- नवकुंडात्मक सहस्त्रचंडी यज्ञ में सपत्नीक भाग लिया

**ठाणे.** चैत्र नवरात्रि उत्सव के दौरान राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पत्नी लता शिंदे के साथ में नवकुंडात्मकम सहस्त्रचंडी यज्ञ में भाग लिया और देवी से राज्य के लोगों को खुश रखने की प्रार्थना की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पत्नी लता शिंदे ने श्री अम्बे माता की महाआरती करने के बाद हजारों भक्तों को महाप्रसाद वितरित किया।इस दौरान सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे समेत कई प्रमुख नेता मौजूद थे।

# बेटे ने अपने पिता की चाकू घोंपकर कर दी हत्या

**मुंबई.** एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मुंबई के बांद्रा में एक बेटे ने अपने पिता की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। यह घटना वाल्मीकि नगर की बताई जा रही है। आरोपी की पहचान नरसिंमा मुगोंडा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। अब पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### छोटी सी बहस बनी हत्या की वजह

पुलिस के मुताबिक, यह घटना उस समय हुई जब पिता और बेटा दोनों एक साथ शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस शुरू हुई। यह बहस इतनी बढ़ गई कि गुस्से में आकर नरसिंमा ने अपने पिता पर तेज धार वाले चाकू से हमला कर दिया। हमले में पिता की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि दोनों के बीच पहले भी कई बार पारिवारिक मुद्दों को लेकर झगड़े होते रहते थे। यह कोई पहला मौका नहीं था जब दोनों में तनाव देखा गया हो। लेकिन इस बार विवाद ने इतना भयानक रूप ले लिया कि बेटे ने अपने ही पिता की जान ले ली।

### पुलिस ने आरोपी बेटे को किया गिरफ्तार

स्थानीय लोगों के लिए यह घटना चौंकाने वाली रही। वाल्मीकि नगर के आसपास के लोगों ने बताया कि परिवार में अक्सर छोटी-मोटी बहस की बातें सुनने को मिलती थीं, लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि यह इतना गंभीर रूप ले लेगा। घटना की सूचना मिलते ही बीकेसी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तुरंत कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है। आरोपी नरसिंमा को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उसे पुलिस कस्टडी में भेज दिया। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या यह हत्या पहले से सोची-समझी थी या फिर गुस्से में अचानक लिया गया कदम।

# प्रशासनिक कारणों से नगर पथ विक्रेता समिति सदस्य पद के लिए चुनाव स्थगित

**ठाणे.** मनपा क्षेत्र के अंतर्गत शहर पथ विक्रेता (फेरीवाला) समिति के सदस्य पद के लिए चुनाव प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिया गया है।स्ट्रीट वेंडर्स (जीविका का संरक्षण और स्ट्रीट वेंडिंग का विनियमन) अधिनियम 2014 के तहत महाराष्ट्र स्ट्रीट वेंडर्स (जीविका का संरक्षण और स्ट्रीट वेंडिंग का विनियमन) नियम 2016 शहर स्ट्रीट वेंडर्स समिति के सदस्य के रूप में पंजीकृत स्ट्रीट वेंडर्स में से ठाणे मनपा स्ट्रीट वेंडर्स समिति में स्ट्रीट वेंडर्स के प्रतिनिधियों के चयन के लिए एक चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई थी। इस चुनाव के लिए मतदान शुक्रवार 11 अप्रैल को होना था। ठाणे मनपा प्रशासन ने घोषणा की है कि प्रशासनिक कारणों से यह प्रक्रिया स्थगित कर दी गई है।

# हवामहल के सामने प्रियंका ने की शूटिंग

- हॉलीवुड एक्ट्रेस विदेशी मेहमानों को लेकर पहुंचीं

हॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने जयपुर में हवामहल के सामने एक कैफे में शूटिंग की। इंटरनेशनल स्टार प्रियंका मंगलवार (1 अप्रैल) को अपने विदेशी फ्रेंड्स के साथ यहां पहुंची थीं। शूटिंग के बाद पीसी ने उनके साथ राजस्थानी कल्चर और जयपुर की हिस्ट्री की इंफॉर्मेशन भी शेयर की। दरअसल, प्रियंका मार्च के आखिरी दिनों में जयपुर पहुंची थी। वे पिंकसिटी में तीन दिन रुकी थीं। वर्कफ्रंट की बात करें तो पीसी इन दिनों साउथ के फेमस डायरेक्टर एसएस राजामौली के एक प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में हैं।

### ज्वेलरी ब्रांड के लिए किया शूट

एक्ट्रेस ने जयपुर में एक ज्वेलरी ब्रांड के लिए शूट किया था। उन्होंने पिंकसिटी की अलग-अलग लोकेशंस पर ब्रांड के लिए शूटिंग की। वे जयपुर विजिट के दौरान परकोटे के एरिया में भी घूमीं थीं। हॉलीवुड एक्ट्रेस ने जयपुर में एक फैशन इवेंट में भी हिस्सा लिया था। इस दौरान उन्होंने अपने विदेशी साथियों को हवामहल की भव्यता भी दिखाई। बाजार में घूमते हुए प्रियंका चोपड़ा और उनके गेस्ट लोकल हैंडीक्राफ्ट के आउटलेट्स पर भी पहुंचे। प्रियंका ने विदेशी मेहमानों को जयपुर के ट्रेडिशनल आर्ट व क्राफ्ट से जुड़ी जानकारी साझा की।



# विधायक संजय केलकर की 'जनसंवाद' पहल को नागरिकों का मिला अच्छा प्रतिसाद

**ठाणे.** विधायक संजय केलकर नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए हर सोमवार और शुक्रवार को भाजपा के खोपट कार्यालय में विधायक निरंजन डावखरे के साथ में उपस्थित रहते हैं। विधायक केलकर ने सोमवार को खोपट स्थित भाजपा कार्यालय में नागरिकों की समस्याएं सुनीं।इस अवसर पर, पूर्व नगरसेवक सुनेश जोशी, परिवहन सदस्य विकास पाटिल, भाजपा महासचिव सचिन पाटिल, विलास साठे, दीपक जाधव, महेश कदम, राजेश गाडे उपस्थित थे।

मनपा के अंतर्गत अतिक्रमण, पानी के मुद्दे, एस. टी. निगम, पुलिस स्टेशन की शिकायतें, धोखाधड़ी, शैक्षणिक मुद्दे, स्वच्छता जैसे विभिन्न विषयों पर 50 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।विधायक केलकर ने अधिकारियों से फोन पर बात की और कुछ मुद्दों का मौके पर ही समाधान किया।साथ ही केलकर ने कहा कि मैं सिर्फ शिकायतें लेने के बजाय प्रशासन के साथ उचित तरीके से संपर्क करता हूं और नागरिकों को न्याय दिलाने का प्रयास करूंगा। अब तक मैंने ठाणे निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में 151 'विधायक से मिलिए' कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इस अवसर पर 40,000 से अधिक नागरिकों से बातचीत की है। जन प्रतिनिधियों को एक निश्चित समय पर पार्टी के जिला कार्यालय में नागरिकों से मिलने के लिए बस से यात्रा करनी होती है।महाराष्ट्र सरकार के माध्यम से ठाणे शहर में विभिन्न स्थानों पर 3000 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाये गये है। यह कार्य पीडब्ल्यूसी द्वारा किया जाएगा। संबंधित सहायक आयुक्त तथा कैमरे लगाने के लिए जिम्मेदार संगठन के अधिकारियों को सूचित किया जाना चाहिए। केलकर ने खोपट कार्यालय में फोन करके शहर में लगाए जाने वाले सीसीटीवी कैमरों के बारे में जानकारी ली।सीसीटीवी कैमरे से यदि कहीं पेड़ गिरे हुए हैं, सड़क पर गड्ढे हैं या कूड़ा-कचरा जमा है तो इन कैमरों के माध्यम से संबंधित विभाग को तुरंत सूचना मिल जाएगी। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि सड़कों पर उत्पीड़न और उत्पीडन पर अंकुश लगाया जाएगा। यह निश्चित रूप से पुलिस विभाग के लिए बहुत उपयोगी होगा।






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099